**26/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार-2024 प्रदान किए। यह पुरस्कार भूविज्ञान के क्षेत्र में देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक हैं। विजेताओं को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ये पुरस्कार भूविज्ञान के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, नवाचार और उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भू-पर्यावरणीय स्थिरता पर खनन के प्रभाव पर भी उन्हें ध्यान देने की आवश्यकता है।

0000000000000000000000000

वर्ल्ड टूरिज्म डे 2025 के तहत, मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज ईटानगर के डी.के. स्टेट कन्वेंशन सेंटर से एक साइकिलिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भाग लेते हुए, मुख्य सचिव ने कहा कि इस साल की थीम, “पर्यटन और सतत परिवर्तन” हमारे पर्यावरण की रक्षा, समुदायों को सशक्त बनाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर ज़ोर देती है। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग इन सभी मूल्यों को दर्शाती है और अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि के साथ अरुणाचल प्रदेश सतत पर्यटन के लिए एक आदर्श स्थान है।

इसके अलावा, मुख्य सचिव ने अरुणाचल प्रदेश राज्य चुनाव आयोग के आयुक्त रिंचिन ताशी से आगामी पंचायती राज चुनावों पर भी चर्चा की। मुख्य सचिव ने सुचारू और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया के लिए राज्य सरकार के पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज लोअर दिबांग वैली जिले के बोलुंग में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की प्रतिमा 'स्टेच्यू ऑफ़ ब्रडरहूड' पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने इस ऐतिहासिक प्रतिमा को एकता और सांस्कृतिक सद्भाव का प्रतीक बताया, जो डॉ. हजारिका के संगीत और दृष्टिकोण के माध्यम से अरुणाचल प्रदेश और असम को करीब लाने में उनके अतुलनीय योगदान को दर्शाती है। अरुणाचल प्रदेश सरकार, गुवाहाटी के भूपेन हजारिका कल्चरल ट्रस्ट के सहयोग से आज रोइंग में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती का आयोजन करा रहें है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ. भूपेन हजारिका संग्रहालय और सांस्कृतिक केंद्र का उद्‌घाटन किया और डॉ. हजारिका को समर्पित एक फोटो गैलरी और प्रदर्शनी स्टॉल का भी उद्‌घाटन किया, जिसमें उनकी कलात्मक यात्रा और सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई गई है। अरुणाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने में डॉ. हजारिका के साथ उनके करीबी जुड़ाव के लिए हेमंत बेंगिया को पहले 'भूपेन हजारिका सम्मान्य पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू मंगलवार को ईटानगर के वीकेवी चिंपू में नवनिर्मित स्मार्ट सिटी आर्टिसन-कम-एक्जीबिशन सेंटर के साथ क्राफ्ट कनेक्ट अरुणाचल-2025 हैंडलूम एण्ड हैडिक्राफ्ट एक्सपो का उद्‌घाटन करेंगे। यह महत्वपूर्ण पहल ईटानगर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्‌वारा प्रमुख सरकारी विभागों के सहयोग से शुरू की गई है। इसका उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध हैंडलूम और हस्तशिल्प परंपराओं को प्रदर्शित और बढ़ावा देना है, साथ ही शिल्पकारों को बड़े बाजारों से जुड़ने के लिए एक आधुनिक मंच प्रदान करना है।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय महिला आयोग के अंतर्गत अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग ने आज नाहरलगुन स्थित अपने कार्यालय में महिला सशक्तिकरण पर चार दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया। यह कार्यक्रम नवरात्रि के शुभ अवसर पर “महिला उद्‌यमिता, मातृत्व एवं स्वास्थ्य, नेतृत्व एवं न्याय, मार्गदर्शन और सम्मान” विषय पर आयोजित किया गया था।

0000000000000000000000

सियांग जिला उपायुक्त ताई ताग्गु ने आज पांगीन स्थित औद्‌योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चल रही तैयारियों एवं कामकाज का जायजा लेने के उद्देश्य से संस्थान का दौरा किया। हाल ही में शुरू हुए इस संस्थान में जल्द ही तीन कोर्स- डिजिटल फोटोग्राफी, सोलर टेक्नीशियन और कैटरिंग एण्ड हॉस्पिटैलिटी सर्विस विषयों में कक्षाएं शुरू होने वाली हैं।

दौरे के तहत उपायुक्त ने सरकारी प्राइमरी स्कूल, बिबॉक एवं पांगिन स्थित गवर्मेंट सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण भी किया।

0000000000000000000000000

साउथ कोरिया के ग्वांगजू में पैरा आर्चरी वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत को कम से कम तीन पदक पक्के हो गए हैं, कंपाउंड ओपन कैटेगरी में तीन भारतीय खिलाड़ी गोल्ड मेडल के लिए मुकाबला करेंगे। पैरालिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट राकेश कुमार और नए खिलाड़ी तोमन कुमार पुरुषों के कंपाउंड ओपन इंडिविजुअल इवेंट में गोल्ड मेडल मैच में पहुंच गए हैं। वहीं, युवा खिलाड़ी शीतल देवी ने भी आज महिला कंपाउंड फाइनल में जगह बना ली है।

0000000000000000000000000

एक अनोखी पहल के तहत, सरकार 28 तारीख से राष्ट्रीय ध्वज क्विज़ के विजेताओं को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन की यात्रा पर ले जा रही है। युवा एवं खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस यात्रा के दौरान 25 युवाओं को भारतीय सेना के साथ 72 घंटे बिताने का मौका मिलेगा।

0000000000000000000000000